## कार्यालय क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ

पत्रांक-Mem /क्षे0का0ल0/2020-21

दिनांक 4|10|2020

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,

समस्त स्ववित्तपोषित महाविद्यालय

लखनऊ, अयोध्या एवं देवीपाटन मण्डल।

**विषय: अशासकीय स्ववित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों में रु0- 15000/- से कम एवं 15000/- से अधिक मानदेय पाने वाले शिक्षकों की संख्या निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्रांक- 452/ए0सी0एस0/ / ए0सी0/2020 दिनांक- 03 अक्टूबर,2020 एवं शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आपको अवगत कराना है कि मा0 मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक- 06 अक्टूबर,2020 को बैठक किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें प्रदेश के अशासकीय स्ववित्तपोषित शैक्षणिक संस्थानों के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर सूचनाओं की आवश्यकता है।

निर्धारित प्रारूप पर सूचना दिनांक- 05अक्टूबर,2020 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी की ई-मेल rheolko@gmail.com अथवा गूगल लिंक https://forms.gle/F2B2MwCLqgnTbTF37 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सूचना संकलित कर शासन को प्रेषित की जा सके। सूचना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध है, अतः आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**निर्धारित प्रारूप**

| क्रमांक | विश्वविद्यालय, जिससे महाविद्यालय सम्बद्ध है | महाविद्यालय का नाम | रु0- 15000/- से कम मानदेय पाने वाले शिक्षकों की संख्या | रु0- 15000/- से अधिक मानदेय पाने वाले शिक्षकों की संख्या | कुल योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

(डॉ0 आलोक कुमार श्रीवास्तव) 4/10/2020

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ

पृ0 सं0 तददिनांक।

प्रतिलिपि: 1- कार्यालय अपर मुख्य सचिव- माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2- शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

3- कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, छ0 शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित जनपदों के स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के लॉगिन आईडी पर पत्र को प्रेषित करते हुए समयान्तर्गत सूचना उपलब्ध कराने को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ 4/10/2020

## कुलसचिव कार्यालय

### लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :........................................../सम्ब. अनु./2020

दिनांक :..........................................................

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,

समस्त सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ।

महोदय/महोदया,

कृपया क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के उपरोक्त पत्र दिनांक 04.10.2020 जो आपको सम्बोधित एवं अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षकों की संख्या निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। तत्क्रम में निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित प्रारूप पर सूचना संदर्भित ई–मेल "**rheolko@gmail.com**" पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)

कुलसचिव

संख्या : AF-1511-12 दिनांक : 05/10/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
2. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने एवं विश्वविद्यालय की वेबाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. गार्ड फाईल।

कुलसचिव